समाचार विज्ञपति

यात्रा के लिए QR कोड वैक्सीन रिकॉर्ड अपडेट किया गया

23 नवंबर, 2021

यात्रा करने की योजना बना रहे अल्बर्टा निवासी 24 नवंबर को कनाडा के भीतर और बाहर उपयोग करने के लिए एक QR कोड के साथ अपडेट किया हुआ वैक्सीन रिकॉर्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

अलबर्टा के वैक्सीन रिकॉर्ड को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए अनुशंसित कनाडाई मानक को पूरा करने के लिए अपडेट किया जाएगा। अपडेट किया गया रिकॉर्ड 24 नवंबर को alberta.ca/CovidRecords पर उपलब्ध होगा। इसमें मध्य नाम भी शामिल हैं और रिकॉर्ड दोनों आधिकारिक भाषाओं में है।

पहले से ही QR कोड वैक्सीन रिकॉर्ड वाले अल्बर्टा निवासियों को अपडेट किए हुए संस्करण को सेव करने या दोबारा प्रिन्ट करने की कोई आवश्यकता नहीं है यदि वे यात्रा करने का इरादा नहीं रखते हैं। अल्बर्टा निवासी स्थानीय व्यवसायों और प्रतिबंध छूट कार्यक्रम (Restrictions Exemption Program - REP) में भाग लेने वाले स्थलों तक पहुंचने के लिए QR कोड के साथ अपने पहले से सेव किए गए वैक्सीन रिकॉर्ड का उपयोग करना जारी रख सकते हैं।

अल्बर्टा की QR कोड स्कैनिंग ऐप वर्तमान और अपडेट किए हुए QR कोड वैक्सीन रिकॉर्ड दोनों को पहचान लेगी।

"हम टीकाकरण के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण के साथ अल्बर्टनों के लिए देश और विदेश में यात्रा करना आसान बना रहे हैं। लाखों टीकाकृत अल्बर्टनों के पास पहले से ही एक सुरक्षित QR वैक्सीन रिकॉर्ड है और वे अभी भी हमारे प्रांत के भीतर गतिविधियों का सुरक्षित रूप से आनंद लेने के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। एक अपडेट किया गया QR कोड उन लोगों को जल्दी और आसानी से टीकाकरण

संबंधित जानकारी

Alberta.ca/CovidRecords

Alberta.ca/Vaccine

Alberta.ca/CovidRecordsHelp

कोविड-19 पब्लिक हेल्थ कार्रवाइयां

कोविड-19 की जानकारी

मीडिया पूछताछ

Steve Buick (स्टीव ब्यूइक)
780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय

का प्रमाण प्रदान करने की अनुमति देगा जो यात्रा करना चाहते हैं।"

जेसन कोपिंग, स्वास्थ्य मंत्री

यात्रा करने की योजना बना रहे अल्बर्टा निवासियों को किसी भी अंतर-प्रांतीय या अंतरराष्ट्रीय यात्रा से पहले कनाडा सरकार और अपने गंतव्य के साथ आवश्यक यात्रा दस्तावेजों की जांच करने की आवश्यकता है।

अल्बर्टा निवासी एक रजिस्ट्री एजेंट कार्यालय में जाकर या 811 पर कॉल करके बिना किसी कीमत के QR कोड के साथ प्रिन्ट किया हुआ वैक्सीन रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं।

आरईपी (REP) के लिए टीकाकरण का स्वीकृत प्रमाण: गैर-अल्बर्टा रिकॉर्ड

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों सहित, कनाडा के बाहर टीकाकरण किए गए ग्राहक, पासपोर्ट जैसी वैध ID के साथ अपने देश के बाहर के वैक्सीन रिकॉर्डों का उपयोग कर सकते हैं। अन्य प्रांतों और क्षेत्रों में टीकाकरण करने वाले ग्राहकों के लिए अपने अधिकार क्षेत्र के QR कोड वाले वैक्सीन रिकॉर्डों का उपयोग करना आवश्यक है, क्योंकि अन्य प्रकार के रिकॉर्ड अब REP में स्वीकार नहीं किए जाते हैं।

अल्बर्टा व्यवसायों और स्थलों को यह पुष्टि करने के लिए कि उनके ग्राहकों की टीकाकरण स्थिति REP आवश्यकताओं को पूरा करती है, दृढ़तापूर्वक एबी कोविड रिकॉर्ड्स सत्यापक (AB Covid Records Verifier) ऐप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि ऐप 'रिकॉर्ड मान्य नहीं है' या 'रिकॉर्ड नहीं मिला' संदेश दिखाती है, तो ग्राहक एक स्थल में प्रवेश करने में सक्षम नहीं होगा। ऐप अन्य प्रांतों और क्षेत्रों के साथ-साथ कनेडीयन आर्म्ड फॉर्सिज़ के रिकॉर्डों द्वारा जारी QR कोड वाले रिकॉर्ड स्कैन कर सकती है।

18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए, व्यवसायों के लिए एक वैध ID की जांच करना अनिवार्य है जो टीकाकरण के किसी भी स्वीकृत प्रकार के प्रमाण के साथ वैक्सीन रिकॉर्ड पर नाम और जन्म तिथि से मेल खाती हो।

महत्वपूर्ण तथ्य

- वर्तमान में, alberta.ca/CovidRecords तक पहुंच कनाडा के भीतर सीमित है। कनाडा तक पहुंच सीमित करना सार्वजनिक वेबसाइटों को सुरक्षित रखने, अल्बर्टा निवासियों की जानकारी की रक्षा करने और साइबर सुरक्षा हमलों के जोखिम को कम करने में मदद करने के लिए उपयोग किए जाने वाले कई उपकरणों में से एक है।
- अल्बर्टा निवासियों को alberta.ca/CovidRecords के माध्यम से अपने रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए अकाउन्ट बनाने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल किसी भी खुराक के टीकाकरण का महीना और वर्ष, अल्बर्टा पर्सनल

हेल्थ नंबर और जन्म तिथि दर्ज करने की आवश्यकता है। टीकाकरण के बाद रिकॉर्ड उपलब्ध होने में दो सप्ताह लग सकते हैं।

- बिना QR कोड के अल्बर्टा के पिछले टीकाकरण रिकॉर्ड, जिनमें वैक्सीन प्रदाताओं और MyHealth रिकॉर्ड्स से सेव किए गए रिकॉर्ड शामिल हैं, को अब प्रतिबंध छूट कार्यक्रम के तहत टीकाकरण के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है।
- कोई भी व्यक्ति जिस के पास अपने वैक्सीन के रिकॉर्ड में नामौजूद या गलत जानकारी है या उसे एक्सेस करने में समस्या है, वह alberta.ca/CovidRecordsHelp पर जा सकता है।
- वर्तमान में, 48 फर्स्ट नेशन्ज़ में से 38 alberta.ca/CovidRecords के माध्यम से QR कोड के साथ वैक्सीन रिकॉर्ड तक पहुंच सकते हैं। अल्बर्टा आने वाले हफ्तों में उनके टीकाकरण रिकॉर्ड शामिल करने के लिए शेष फर्स्ट नेशन्ज़ के साथ काम करना जारी रखेगा।
- कनेडीयन आर्म्ड फॉर्सिज़ के सदस्यों के लिए टीकाकरण के प्रमाण को स्वीकार किया जाना जारी रहेगा।
- फ़र्ज़ी टीकाकरण रिकॉर्ड बनाना या उसका उपयोग करना एक अपराध है जिसके लिए पहली बार किए गए अपराध के लिए फौजदारी का मुकद्दमा और/या $100,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।